कोटद्वार, रविवार
14 दिसम्बर 2025
वर्ष: 48
अंक: 207 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गेस्ट हाउस में नाबालिग युवती के मिलने पर महिला आयोग सख्त

देहरादून। शिमला बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में नाबालिग लड़की के मिलने और युवक के मोबाइल से काफी संख्या में लड़कियों की आपत्तिजनक चैट व वीडियो मिलने के मामले का उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रकरण को अत्यंत गंभीर बताते हुए पुलिस से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग ने नाबालिग की सुरक्षा, काउंसलिंग तथा परिजनों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि नाबालिग से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने एसपी सिटी को आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई करने, डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच कराने तथा गेस्ट हाउस प्रबंधन की भूमिका की भी जांच करने को कहा है। साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों, इसके लिए गेस्ट हाउसों में पहचान पत्र जांच और रजिस्टर में प्रविष्टि की व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराया जाए। महिला आयोग ने समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि किसी भी होटल, गेस्ट हाउस, रात्रि विश्राम गृह अथवा ठहरने की सभी जगहों पर आने–जाने वाले व्यक्तियों की पंजिका (रजिस्टर) का होना अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित करें।

### बारिश न होने से मटर और गेहूं की फसल पर सूखे की मार

उत्तरकाशी। जिले में बारिश व बर्फबारी न होने से मटर व गेहूं सहित अन्य फसलों पर सूखे की मार पड़ रही है। गत एक माह पूर्व बोई गई मटर व गेहूं की बुआई एक महा से अधिक समय हो जाने पर भी अभी तक खेतो में हरियाली न दिखने से क्षेत्र के कास्तकार खासे चिंतित हैं। बिना बारिश के बोई मटर व गेहूं की फसल सूखे की मार के चलते खेतों में खराब होने की कगार पर है। रवांई घाटी में अगस्त माह अर्थात तीन माह पहले बारिश हुई थी तथा 3 महिनें से क्षेत्र में जारी सूखे की मार से किसानों की मटर –गेहूं की फसल सूखे की चपेट में आने की संभावना काश्तकारों को खासी परेशान कर रहा है। अक्तूबर तक खेतों में नमी से काश्तकारों ने मटर गेहूं की फसल की बुआई तो कर दी किंतु अब डेढ़ माह से अधिक समय होने पर भी बीज अपेक्षा के अनुरूप जम नहीं रहे हैं, बारिश न होने व लंबें समय से सूखे के चलते से खेतों में नमी का अभाव बन गया है।जिससे बोई गई फसलों का अंकुरण प्रभावित हो रहा है तथा मटर व गेहूं फसल की हरियाली खेतों में दिख नही रही है।

### हल्द्वानी के रजत जोशी बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

हल्द्वानी। ब्लॉक कार्यालय के पास भगवानपुर निवासी रजत जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकैडमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेकर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त किया। वह मूलरूप से बागेश्वर जिले के कांडा कमश्यार के रहने वाले हैं। सीडीएस परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद रजत ने आईएमए में प्रशिक्षण पूरा किया। इससे पहले वह इंडियन कोस्ट गार्ड में छह महीने तक असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में सेवा दे चुके हैं। उनके दिवंगत दादा खेमा नंद जोशी ने 17 कुमाऊं रेजिमेंट में सेवा दी थी। पिता सब–इंस्पेक्टर नवीन चंद्र जोशी वर्तमान में इंडो–तिब्बत बॉर्डर पुलिस में लद्दाख में सेवारत हैं। मां चंद्रा जोशी उनके जीवन की प्रेरणा स्रोत रही हैं। उनके ताऊजी सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर जीवन चंद्र जोशी ने एयर डिफेंस में सेवा दी, जबकि चाचाजी सूबेदार मोहन चंद्र जोशी अभी 19 कुमाऊं रेजिमेंट में कार्यरत हैं। रजत ने बिड़ला स्कूल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की। एमबीपीजी कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। रजत की इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

### स्कूटी सवार युवक की मौत

हल्द्वानी। नैनीताल रोड पर शुक्रवार रात एक स्कूटी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में मंडी में आढ़त में काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसके साथी को हल्की चोट आई। हादसे की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक मंडी गेट बरेली रोड और मूल रूप से फतेहपुर, उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय शिवम पटेल अपने एक साथी के संग काठगोदाम की ओर किसी काम से गया था। बताया जा रहा है कि रात करीब 12 बजे जब दोनों अपनी स्कूटी से घर की ओर लौट रहे थे। नैनीताल रोड पर बृजलाल अस्पताल के पास स्कूटी अनियंत्रित हो गई और रपटते हुए डिवाइडर से जा टकराई।

## थल सेना प्रमुख ने की आईएमए में 157वीं पासिंग आउट परेड की समीक्षा



देहरादून। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर में आज 157वीं पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन किया गया। गौरव, परंपरा और सैन्य गरिमा से परिपूर्ण इस अवसर पर अधिकारी कैडेट्स को भारतीय सेना में कमीशन प्रदान किया गया। यह समारोह अकादमी के आदर्श वाक्य "वीरता और विवेक" तथा कैडेट्स के कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और अदम्य साहस का सशक्त प्रतीक रहा। थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने परेड की समीक्षा की और नव–नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने युवा अधिकारियों के उच्च स्तर के अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सहनशक्ति की प्रशंसा करते हुए उन्हें भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं का निर्वहन करने तथा निष्ठा, प्रतिबद्धता और सम्मान के साथ राष्ट्र सेवा करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निस्वार्थ सेवा की शुरुआत है। 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स और टेरिटोरियल आर्मी ऑनलाइन एंट्रेंस एग्ज़ाम 2023 कोर्स के कुल 525 अधिकारी कैडेट्स के साथ–साथ 14 मित्र राष्ट्रों के 34 विदेशी अधिकारी कैडेट्स को कमीशन प्रदान किया गया। यह कमीशनिंग न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को सुदृढ़ करती है, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी सशक्त बनाती है। इस गरिमामय समारोह के साक्षी गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा अनेक विशिष्ट अतिथि बने। परेड का समापन पारंपरिक 'अंतिम पग' के साथ हुआ, जब युवा अधिकारी राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़े।

**प्रमुख पुरस्कार:**

स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं स्वर्ण पदक (मेरिट में प्रथम) एसीए निश्कल द्विवेदी को प्रदान किया गया। रजत पदक (द्वितीय स्थान) बीयूओ बादल यादव तथा कांस्य पदक (तृतीय स्थान) एसयूओ कमलजीत सिंह को मिला। टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स

### मौसमपूर्वानुमान: उत्तराखंड के इन जिलों में 2 दिन मौसम रहेगा खराब

देहरादून। पश्चिमी हिमालय पर एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर नजर आ रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम बदलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी पड़ने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की मानें तो कल यानी रविवार को भी कुछ जगहों पर मौसम खराब रह सकता है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और बागेश्वर जिलों में कुछ जगहों पर बहुत हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही 3700 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाली जगहों पर बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तराखंड के बाकी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। उत्तराखंड में कल यानी रविवार को भी मौसम कमोबेश ऐसा ही रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने रविवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। यही नहीं इन जिलों में 3500 मीटर और उससे ज्यादा ऊंचाई वाली जगहों पर बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड के बाकी जिलों में मौसम सूखा रहने की संभावना है। इसके बाद सूबे में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। जम्मू–कश्मीर, लद्दाख में 13 से 18 दिसंबर तक छिटपुट बारिश या बर्फबारी की संभावना जताई है। 14 से 16 दिसंबर के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाने की प्रबल संभावना है।

## मेसी के शो में भारी बवाल : 10 मिनट में चले गए स्टार फुटबॉलर

### गुस्साए फैंस ने तोड़ी कुर्सियां और उखाड़ फेंके गोल पोस्ट



कोलकाता , अर्जेंटीना के विश्व विजेता कप्तान और फुटबॉल के भगवान कहे जाने वाले लियोनल मेसी के भारत दौरे की शुरुआत कोलकाता में भारी हंगामे और अव्यवस्था के साथ हुई है। यूनाइटेड नेशंस के चाइल्ड ऑर्गेनाइजेशन के ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर 'त्रर्ह्व इंडिया टूरझ् के तहत कोलकाता पहुंचे मेसी का स्वागत तो जोश से हुआ, लेकिन सॉल्ट लेक स्टेडियम का नजारा जल्द ही रणक्षेत्र में बदल गया। सुबह से अपने चहेते सितारे की एक झलक पाने को बेताब फैंस का सब्र उस वक्त टूट गया जब स्टेडियम में अव्यवस्था का माहौल बन गया। गुस्से में आए दर्शकों ने वहां जमकर हंगामा किया। हालात इतने बिगड़ गए कि फैंस ने स्टेडियम की कुर्सियां तोड़कर फेंकनी शुरू कर दीं और पानी की बोतलें मैदान में फेंकी जाने लगीं। इस हंगामे की बड़ी वजह मेसी का मैदान पर बेहद कम समय बिताना बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुरक्षा कारणों और बिगड़ती स्थिति को देखते हुए लियोनल मेसी ने अन्य वीवीआईपी मेहमानों के साथ महज 10 मिनट से भी कम समय में स्टेडियम छोड़ दिया और वहां से चले गए। यह बात उन फैंस को नागवार गुजरी जो 2,000 से लेकर 10,000 रुपये तक के महंगे टिकट खरीदकर घंटों से इंतजार कर रहे थे। मेसी के अचानक चले जाने से निराश फैंस खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगे और उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि स्टेडियम में भीड़ प्रबंधन और व्यवस्था के इंतजाम नाकाफी थे, जिसने आग में घी का काम किया। मेसी के जाने के बाद जैसे ही फैंस को पता चला कि कार्यक्रम अब आगे नहीं बढ़ेगा, तो पूरे स्टेडियम में जोरदार हूटिंग शुरू हो गई। आक्रोशित भीड़ ने सुरक्षा घेरे को तोड़ दिया और निचले हिस्से के बैरिकेड्स लांघकर मैदान के भीतर घुस गए। बेकाबू फैंस ने न सिर्फ मैदान पर कब्जा जमाया बल्कि वहां लगे गोल पोस्ट को भी तोड़ डाला। जिसे फुटबॉल का जश्न होना था, वह प्रशासन की लापरवाही और भीड़ के गुस्से के चलते एक बुरे सपने में बदल गया। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को हालात पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## मुख्यमंत्री धामी ने किया उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति–2026–36 का शुभारम्भ

**– लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की होगी खेती**
**– आगामी सालों में करीब 1 लाख किसानों को जोड़ने का है लक्ष्य**




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई में उत्तराखण्ड महक क्रांति नीति–2026–36 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर भाऊवाला सेटेलाइट सेन्टर का लोकार्पण और ए.एम.एस (उ–14) प्रयोगशाला का शिलान्यास किया गया। साथ ही चमोली, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, चंपावत और पिथौरागढ़ में पाँच नए सेटेलाइट सेन्टर स्थापित किए जाने की घोषणा हुई। कार्यक्रम में कैप और डाबर इंडिया लिमिटेड के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए, जिसका उद्देश्य अनुसंधान, विस्तार, मानव संसाधन विकास और मार्केटिंग में सहयोग है।

मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों और लेमनग्रास–तुलसी की खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि नीति के अंतर्गत सात एरोमा वैलियों का विकास होगा–पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, चमोली व अल्मोड़ा में डैमस्क रोज वैली, ऊधमसिंह नगर में मिन्ट वैली, चंपावत व नैनीताल में सिनेमन वैली तथा हरिद्वार व पौड़ी में लेमनग्रास–मिन्ट वैली। इसके तहत पौधशाला विकास, अनुदान, प्रशिक्षण, बीमा, पैकेजिंग और ब्रांडिंग की व्यवस्था होगी। राज्य में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों की खेती कर एक लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

अगले दस वर्षों में टर्नओवर को 100 करोड़ से बढ़ाकर 1200 करोड़ रुपये तक ले जाने की योजना है। किसानों को बिना ब्याज ऋण, कृषि उपकरणों पर 80% सब्सिडी, गेहूं पर बोनस और गन्ने के मूल्य में वृद्धि जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। सिंचाई को मुफ्त किया गया है। राज्य सरकार ने पॉलीहाउस निर्माण हेतु 200 करोड़ का प्रावधान किया है, जिससे अब तक 350 पॉलीहाउस स्थापित हो चुके हैं। 1000 करोड़ की लागत से क्लाइमेट रिस्पॉन्सिव रेन–फेड फार्मिंग प्रोजेक्ट भी स्वीकृत हुआ है। साथ ही सेब, कीवी, मिलेट और ड्रैगन फ्रूट नीति लागू की गई है। काशीपुर में 300 करोड़ से एरोमा पार्क विकसित हो रहा है। इस अवसर पर विधायक सहदेव पुंडीर, उपाध्यक्ष जड़ी बूटी सलाहकार समिति भुवन विक्रम डबराल, जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, गिरीश डोभाल, सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे, एसेंशियल ऑयल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव पी.के जैन, अध्यक्ष नगर पंचायत सुमित चौधरी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### रांची एयरपोर्ट पर रनवे से टकराया इंडिगो की फ्लाइट का पिछला हिस्सा, यात्रियों की अटकी जान

रांची , झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा होते–होते टल गया। रांची एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया, जिससे विमान में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा–तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि फ्लाइट में करीब 70 यात्री सवार थे। रनवे से टकराने के कारण यात्रियों को तेज झटका महसूस हुआ, लेकिन राहत की बात यह रही कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे और किसी को भी चोट नहीं आई। घटना के बाद एहतियातन विमान को आगे की उड़ान के लिए रोक दिया गया है और संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जा रही है। एयरपोर्ट प्रशासन और इंडिगो की तकनीकी टीम ने विमान की जांच शुरू कर दी है।

**लैंडिंग के दौरान हुआ हादसा**

अधिकारियों ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना तब हुई, जब भुवनेश्वर से रांची आया विमान एयरपोर्ट पर उतर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में करीब 70 यात्री सवार थे। रांची एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार ने बताया, "उतरते समय विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। यात्रियों को अचानक झटका लगा। हालांकि, वे सभी सुरक्षित हैं और उन्हें कोई चोट नहीं आई।"

## पांच लाख से अधिक के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा की नशे के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिले में लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भतरौजखान पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए मुरादाबाद के दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21.852 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 2 हजार 900 रुपये आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जिलेभर में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में भतरौजखान थानाध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार सायं घट्टी तिराहे के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। तलाशी लेने पर उनके पास से बड़ी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नाजिम (22 वर्ष), पुत्र नन्हे खां और इंतजार (35 वर्ष), पुत्र मौहम्मद हुसैन के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्त ग्राम गोपालपुर, थाना कांठ, जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। पूछताछ में नाजिम ने बताया कि वह फेरी का काम करता है और अपने साथी के साथ गैरसैंण से गांजा लेकर मुरादाबाद ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बना रहा था। पुलिस गांजा सप्लाई करने वालों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। इस मामले में थाना भतरौजखान में मुकदमा अपराध संख्या 34/2025 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख : फैसले को चुनौती देने वाले एनजीओ पर 1 लाख का जुर्माना



सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के फैसले के खिलाफ ही रिट याचिका दायर कर दे।

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर सख्त नाराजगी जताते हुए एक गैर सरकारी संगठन (हत्रह) पर 1 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। यह मामला अल्पसंख्यक स्कूलों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ऋञ्जश्व) के दायरे से बाहर रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के ही पुराने फैसले को चुनौती देने से जुड़ा था। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता की इस हरकत को प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग बताया और बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुनवाई के दौरान अदालत का माहौल बेहद गरम रहा। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने याचिकाकर्ता और वकीलों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि वे बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने सवाल किया कि आखिर किसी की हिम्मत कैसे हुई कि वह सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के फैसले के खिलाफ ही रिट याचिका दायर कर दे। जजों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह के मामले दायर करना देश की पूरी न्यायपालिका प्रणाली के खिलाफ है और यह न्यायिक व्यवस्था को ध्वस्त करने जैसा है। कोर्ट ने तल्ख लहजे में कहा, "आपको अपने मामले की गंभीरता का अंदाजा नहीं है, इस तरह की याचिकाएं दायर करके देश की न्यायपालिका के स्तर को नीचे न गिराएं।" जिस एनजीओ पर यह जुर्माना लगाया गया है, उसका नाम 'यूनाइटेड वॉइस फॉर एजुकेशन फोरमझ् है। इस संस्था ने सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के उस 2014 के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को बाल शिक्षा का अधिकार कानून 2009 के कुछ प्रावधानों से छूट दी गई थी। कोर्ट ने याचिका को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ कोई भी रिट याचिका सुनवाई योग्य नहीं होती, यह कानून की स्थापित प्रक्रिया का उल्लंघन है। अदालत का गुस्सा यहीं शांत नहीं हुआ। पीठ ने यहां तक कहा कि वे याचिकाकर्ता के खिलाफ आपराधिक अवमानना का मामला दर्ज करने से परहेज कर रहे हैं, लेकिन भविष्य के लिए यह चेतावनी है।

### पाक की भारी फजीहत : पुतिन के इंतजार में 40 मिनट बैठे रहे शहबाज

अश्गाबात , पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदगी और भारी बेइज्जती का सामना करना पड़ा है। तुर्कमेनिस्तान में आयोजित 'इंटरनेशनल फोरम फॉर पीस एंड ट्रस्टझ् में हिस्सा लेने पहुंचे पाकिस्तानी पीएम के साथ जो हुआ, उसकी चर्चा अब पूरी दुनिया में हो रही है। खबरों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए शहबाज शरीफ को करीब 40 मिनट तक अकेले इंतजार करना पड़ा और जब उनका सब्र टूटा, तो उन्होंने प्रोटोकॉल तोड़ते हुए एक ऐसी बैठक में घुसने की कोशिश की, जहां पुतिन और तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन पहले से मौजूद थे। घटनाक्रम के अनुसार, शहबाज शरीफ एक बड़े हॉल में रूसी राष्ट्रपति का इंतजार कर रहे थे। वहां रूस और पाकिस्तान के झंडे लगे थे, लेकिन पुतिन की कुर्सी खाली थी। तस्वीरों में देखा गया कि शहबाज शरीफ करीब 40 मिनट तक कुर्सी पर बैठे बोरियत में दांत कुरेदते नजर आए। काफी देर इंतजार करने के बाद जब रहा नहीं गया, तो उन्होंने अपने स्टाफ से कुछ बात की और अचानक उठकर सुरक्षा घेरे को दरकिनार करते हुए बगल के हॉल में घुस गए।

## खटीमा में युवक की हत्या के बाद बवाल, आगजनी



रुद्रपुर। खटीमा में युवक की हत्या के बाद शनिवार को जमकर बवाल हो गया। आक्रोशित भीड़ ने आगजनी और तोड़फोड़ करते हुए हाईवे जाम कर दिया। इसके बाद बाजार बंद करा दिया और मुख्य चौक पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान एक आरोपी के पिता के चाय के खोखे में आग लगा दी गई।

दुकानों के आगे तोड़फोड़ की गई। एक कार के शीशे तोड़ दिए गए। पुलिस और भीड़ के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। वहीं पुलिस ने जामा मस्जिद के सामने इकट्ठे हो रहे रहे लोगों को लाठियां भांजकर खदेड़ा। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए नगर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और मुख्य चौक के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दी गई है। वहीं शाम को नगरपालिका ने घटनास्थल के आसपास अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था। शुक्रवार देर रात रोडवेज स्टेशन के पास दो पक्षों में विवाद हो गया था। देखते ही देखते मामला चाकूबाजी में बदल गया। इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के तुषार शर्मा पुत्र मनोज शर्मा, सलमान पुत्र शब्बू निवासी पकड़िया और अभय पुत्र कन्हैयालाल निवासी बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्र पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान तुषार की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सलमान और अभय को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। शनिवार को युवक की हत्या के विरोध में परिजनों और वार्ड संख्या 10 के निवासियों ने जमकर हंगामा किया। आक्रोशित भीड़ ने बाजार बंद करा दिया और हत्या के आरोपी एक युवक के पिता के चाय के खोखे में आग लगा दी, जिससे बाजार में अफरातफरी मच गई। खोखे में लगी आग पर फायर ब्रिगेड ने किसी तरह काबू पाया। इसके बाद भीड़ बाजार की ओर बढ़ी तो घबराए दुकानदारों ने शटर गिरा दिए और पूरा बाजार बंद हो गया। भीड़ के मुख्य चौक पहुंचते ही हालात और बिगड़ गए। पुलिस द्वारा समझाने के प्रयास पर उग्र लोगों ने एक दुकान का बैनर–पोस्टर फाड़ दिया। इसके बाद खड़ंजा रोड और मेलाघाट रोड पर दुकानों के आगे तोड़फोड़ की गई और लाठियों से एक कार के शीशे तोड़ दिए गए। पुलिस ने संयम से काम लेते हुए भीड़ को नियंत्रित किया। मुख्य चौक पर स्थिति कुछ शांत होने के बाद जामा मस्जिद के सामने लोग जमा होने लगे। हालात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लाठियां भांजकर भीड़ को तितर–बितर कर दिया।

## उल्टा पड़ा ट्रंप का दांव, एच1–बी वीजा शुल्क बढ़ाने के खिलाफ कोर्ट पहुंचे यूएस के 20 राज्य



वाशिंगटन ,1अमेरिका के 20 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का कहना है कि एच–1बी वीजा के नए आवेदनों पर 1 लाख अमेरिकी डॉलर की भारी फीस लगाना गैरकानूनी है और इससे जरूरी सार्वजनिक सेवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। यह मुकदमा डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी द्वारा लागू की गई एक नीति को निशाना बनाता है, जिसमें एच–1बी वीज़ा के तहत विदेशी कुशल कर्मचारियों को रखने के लिए नियोक्ताओं पर अचानक बहुत ज़्यादा शुल्क लगा दिया गया। इस वीज़ा का इस्तेमाल अस्पताल, विश्वविद्यालय और सरकारी स्कूल में बड़े पैमाने पर किया जाता है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बॉन्टा इस मामले का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कार्यालय के हवाले से कहा गया कि प्रशासन के पास इतनी बड़ी फीस लगाने का अधिकार नहीं है। बॉन्टा ने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते कैलिफोर्निया जानता है कि जब दुनिया भर से कुशल लोग यहाँ काम करने आते हैं, तो राज्य आगे बढ़ता है। बॉन्टा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाई गई यह 1 लाख डॉलर की एच–1बी फीस न सिफ़ बेवजह है, बल्कि अवैध भी है। इससे स्कूलों, अस्पतालों और अन्य जरूरी सेवाएं देने वाले संस्थानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और कर्मचारियों की कमी और बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 सितंबर, 2025 को जारी एक घोषणा के ज़रिए इस फीस का आदेश दिया था। 21 सितंबर के बाद दायर किए गए एच–1बी आवेदनों पर इसे लागू किया गया। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी को यह तय करने का अधिकार दिया कि कौन से आवेदन इस फीस के दायरे में आएंगे या छूट के लिए योग्य होंगे। राज्यों का कहना है कि यह नीति प्रशासनिक प्रक्रिया, कानून, और अमेरिकी संविधान का उल्लंघन करती है, क्योंकि बिना तय प्रक्रिया अपनाए नियम बनाए गए हैं और कांग्रेस की सीमा से बाहर जाकर फैसला लिया गया है। अब तक एच–1बी से जुड़ी फीस सिफ़ व्यवस्था चलाने के खर्च तक सीमित रहती थी। फिलहाल नियोक्ता एच–1बी वीज़ा के लिए अलग–अलग शुल्क मिलाकर लगभग 960 से 7,595 डॉलर तक देते हैं। संघीय कानून के अनुसार उन्हें यह भी प्रमाण देना होता है कि विदेशी कर्मचारी रखने से अमेरिकी कर्मचारियों की सैलरी या काम की स्थिति पर बुरा असर नहीं पड़ेगा।

### बिहार में विभागों का बंटवारा

पटना ,बिहार में नई सरकार के गठन के एक महीने बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रशासनिक कामकाज को और अधिक धारदार बनाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में कैबिनेट द्वारा सृजित किए गए तीन नए विभागों का औपचारिक बंटवारा कर दिया है। सरकार की प्राथमिकताओं, विशेषकर शिक्षा, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए मंत्रियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी अधिसूचना के साथ ही यह साफ हो गया है कि किस मंत्री के पास अब कौन सा नया प्रभार होगा। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार का कद और बढ़ा दिया गया है। उन्हें अब नवगठित उच्च शिक्षा विभाग की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले वे केवल स्कूली शिक्षा देख रहे थे, लेकिन अब विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी शिक्षण संस्थानों से जुड़े फैसले भी उन्हीं के अधिकार क्षेत्र में होंगे, जिससे शिक्षा विभाग में फैसले लेने की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। वहीं, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार ने जिस 'युवा रोजगार–कौशल विकास विभाग का गठन किया था, उसकी कमान श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर को दी गई है।

## शशि थरूर ने फिर बनाई कांग्रेस की बैठक से दूरी

### लगातार तीसरी बार रहे नदारद, सियासी गलियारों में अटकलें तेज



नई दिल्ली , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर के पार्टी नेतृत्व के साथ रिश्तों को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार को राहुल गांधी ने कांग्रेस के सभी 99 लोकसभा सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी, जिसमें शशि थरूर शामिल नहीं हुए। यह लगातार तीसरा मौका है जब थरूर पार्टी की किसी अहम बैठक से नदारद रहे हैं। संसद का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर को समाप्त होने वाला है और उससे पहले सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई इस बैठक में उनकी गैरमौजूदगी ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को हवा दे दी है। शशि थरूर द्वारा अतीत में कई बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ किए जाने के चलते पार्टी के भीतर पहले से ही असहजता की स्थिति बनी हुई है।

## मैक्सी स्कर्ट को स्टाइल करने के लिए अपनाएं ये 5 आसान तरीके, हर लुक लगेगा बेहतरीन



मैक्सी स्कर्ट एक ऐसा कपड़ा है, जो किसी भी महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है। इसे अलग–अलग तरीकों से पहना जा सकता है ताकि आप हर मौके पर बेहतरीन दिखें। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देंगे, जिनसे आप मैक्सी स्कर्ट को सही तरीके से स्टाइल कर सकती हैं और हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

**रोजमर्रा के लुक के लिए टी–शर्ट के साथ पहनें**

रोजमर्रा के लुक के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक साधारण टी–शर्ट पहन सकती हैं। यह मेल न केवल आरामदायक है बल्कि देखने में भी अच्छा लगता है। आप अपनी पसंदीदा रंग की टी–शर्ट को मैक्सी स्कर्ट के साथ मिलाकर पहन सकती हैं। इसके साथ फ्लैट्स या आरामदायक जूते पहनें ताकि आपका लुक पूरी तरह से तैयार लगे।

**ऑफिस के लिए जैकेट के साथ जोड़ें**

ऑफिस जाने के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक जैकेट जोड़ सकती हैं। इससे आपका लुक पेशेवर और स्टाइलिश दोनों लगेगा। जैकेट का रंग आपकी स्कर्ट से मेल खाता हो तो यह बेहतर रहेगा। इसके साथ हील्स फुटवियर्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे। इस तरह आप ऑफिस में भी आकर्षक दिख सकती हैं और आरामदायक महसूस कर सकती हैं।

**पार्टी के लिए क्रॉप टॉप चुनें**

पार्टी के मौके पर आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। यह मेल आपको आकर्षक और फैशनेबल दिखाएगा। टॉप का रंग और डिजाइन ऐसा हो जो आपकी स्कर्ट से मेल खाता हो ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इसके साथ हील्स फुटवियर्स पहनें ताकि आपका लुक और भी खास लगे और आप पार्टी में सभी का ध्यान आकर्षित कर सकें।

**त्योहारों पर पारंपरिक लुक के लिए कुर्ती चुनें**

त्योहारों पर पारंपरिक अंदाज देने के लिए आप अपनी मैक्सी स्कर्ट के साथ एक कुर्ती पहन सकती हैं। इसमें आप जरी की कारीगरी वाली कुर्ती चुन सकती हैं, जो आपको शाही अंदाज देगी। इसके साथ एक्सेसरीज जैसे झुमके या चूड़ियां पहनें ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इस तरह आप त्योहारों पर भी आरामदायक और आकर्षक दिख सकती हैं।

वीकेंड गेटवे के लिए सरल टैंक टॉप का चयन करें

वीकेंड गेटवे पर जाने के लिए सरल टैंक टॉप सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है। यह न केवल आरामदायक है बल्कि देखने में भी अच्छा लगता है। इसके साथ आरामदायक जूते या फ्लैट्स पहनें ताकि आपका लुक पूरी तरह से तैयार लगे। इन सभी तरीकों से आप अपनी मैक्सी स्कर्ट को अलग–अलग मौकों पर आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार नई–नई दिख सकती हैं।

## केले से बनते हैं ये 5 बेहतरीन मीठे व्यंजन, एक बार खाएंगे तो बार–बार बनाएंगे

केले पोषक तत्वों का भंडार माने जाते हैं, जिनका स्वाद भी सभी को पसंद आता है। इन्हें खान–पान का हिस्सा बनाने से ऊर्जा बढ़ती है, पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त रहता है और ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है। पोटैशियम जैसे तत्वों से समृद्ध केले को लोग ऐसे ही खाना पसंद करते हैं। हालांकि, इस फल से दुनियाभर में कई लजीज मीठे व्यंजन बनाए जाते हैं। आज के लेख में हम ऐसे ही 5 व्यंजनों की रेसिपी आपके साथ साझा करेंगे।

**केले की खीर**

खीर भारत की पारंपरिक मिठाई है, जिसमें केले का स्वाद मिलाने से वह और भी लजीज बन सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में दूध गर्म करें। इसमें चावल डालकर अच्छी तरह पक जाने दें, फिर चीनी भी मिला दें। जब दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाए तब उसमें इलायची पाउडर, केसर और मीसे हुए केले मिला दें। इसके बाद इसमें बारीक कटे हुए सूखे मेवे शामिल करें और गर्म या ठंडा परोसें।

दालचीनी और केले का केक

दालचीनी और केले का केक तैयार करने के लिए सबसे पहले ओवन को पहले से गर्म कर लें। अब एक कटोरे में मैदा, भूरी चीनी, बेकिंग पाउडर, दालचीनी पाउडर और बेकिंग सोडा मिलाएं। एक अन्य कटोरे में मीसे हुए केले, दूध, मक्खन और वेनिला का अर्क मिलाएं। अब गीले और सूखे मिश्रण को एक साथ धीरे–धीरे मिलाएं। केक टिन में मक्खन या बटर पेपर लगाएं और उसमें केक का बैटर डालें। उसे बेक करें और क्रीम डालकर परोसें।

केले और ओट्स की कुकी

अगर आप कोई पौष्टिक मीठा व्यंजन बनाना चाहते हैं तो ओट्स और केले की कुकी आजमाएं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरे में मीसे हुए केले डालें और भुने हुए ओट्स मिला दें। इसके बाद इसमें एक चम्मच पीनट बटर या बादाम का मक्खन मिला दें। अब इसमें दालचीनी का पाउडर, बारीक कटे मेवे, सफेद तिल, गुड़ का पाउडर और डार्क चॉकलेट मिला दें। बेकिंग ट्रे पर बटर पेपर बिछाएं, उसपर गोल–गोल मिश्रण डालें और ओवन में बेक करें।

केले की ब्रेड

अगर रसोई में रखे केले ज्यादा पक गए हैं तो उनसे केले की ब्रेड बना लें। इसके लिए सबसे पहले केलों को अच्छी तरह मीस लें। अब एक कटोरे में मैदा, बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर, पिघला हुआ मक्खन, पिसी हुई भूरी चीनी और वेनिला का अर्क मिला दें। इसके बाद इसमें बारीक कटे अखरोट, किशमिश, बादाम और चॉकलेट चिप्स डालें। इसे 175 डिग्री सेल्सियस पर बेक करें और आइसक्रीम के साथ परोसें।

केले के पैनकेक

केले के पैनकेक नाश्ते में खाए जा सकते हैं। इन्हें बनाने के लिए केलों को अच्छी तरह मीस लें। इसके बाद एक कटोरे में बेकिंग सोडा, मैदा, दूध, पिसी चीनी, वेनिला का अर्क और दालचीनी शामिल करें। तवे पर मक्खन पिघलकर उसपर बैटर डालें और दोनों तरफ से पका लें। परोसते समय पैनकेक पर शहद, चॉकलेट सिरप और केले के टुकड़े डालना न भूलें।

# डीजीसीए और इंडिगो की मनमानी का नतीजा

**अजीत द्विवेदी**

भारत में अब किसी भी घटनाक्रम की, चाहे वह एक बड़े संकट के रूप में क्यों न प्रकट हुआ है, तर्कसंगत या तथ्यात्मक व्याख्या नहीं होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि देश राजनीतिक रूप से इतना विभाजित इतिहास में कभी नहीं रहा है। पूरा देश मोदी समर्थन या मोदी विरोध में बंटा हुआ है। तभी हर घटनाक्रम की व्याख्या इसी बाइनरी में होती है। मोदी विरोधी हर घटनाक्रम को एक निर्धारित दिशा में ले जाने का प्रयास करते हैं। उनकी सारी व्याख्या एक ऐसे आइडियोलॉजिकल कंस्ट्रक्ट पर आधारित होती है, जो राहुल गांधी या कांग्रेस के इकोसिस्टम द्वारा रची गई है। इंडिगो संकट की व्याख्या भी उसी संरचनावादी सिद्धांत के आधार पर हो रही है।अच्छे खासे पढ़े लिखे समझदार लोग बता रहे हैं कि 27 नवंबर को अडानी समूह ने फ्लाइट सिमुलेशन टेक्नीक सेंटर यानी एफएसटीसी का अधिग्रहण किया है। यह देश की सबसे बड़ा पायलट ट्रेनिंग संस्था है। अडानी समूह ने 820 करोड़ रुपए में इस कंपनी में 72 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। इस सौदे को इंडिगो संकट से जोड़ा जा रहा है। यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि अब देश में जल्दी ही 20 हजार से ज्यादा पायलटों की जरुरत होने वाली है और उसकी आपूर्ति अडानी के मालिकाना वाले एफएसटीसी से होगी।

सवाल है कि क्या 20 हजार पायलट की जरुरत होगी और अडानी ने पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण किया है इसलिए इंडिगो का इतना बड़ा संकट खड़ा कराया गया है ताकि पायलट की कमी पर फोकस बने और अडानी को पचास, सौ करोड़ रुपए की कमाई हो जाए? यह बहुत बेकार का तर्क है। इंडिगो संकट की वैचारिक खांचे से व्याख्या करने वाले इस समूह का दूसरा निष्कर्ष यह है कि इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब ने 36 करोड़ रुपए के और उसके प्रमोटर राहुल भाटिया ने 20 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदे, जिनमें से ज्यादातर बॉन्ड भाजपा को दिए गए। तो क्या इस रुपए के बदले में भाजपा की केंद्र सरकार ने इंडिगो को इतना बड़ा संकट खड़ा करने की इजाजत दी? यह निष्कर्ष पूरी तरह से गलत नहीं है तब भी अधूरा है। हो सकता है कि चंदे के लिहाज में सख्त कार्रवाई नहीं हुई हो लेकिन संकट इस वजह से खड़ा नहीं हुआ।

असल में इंडिगो का संकट नागरिक विमानन मंत्रालय व नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और व्यापक रूप से केंद्र सरकार के निकम्मेपन और एकाधिकारवादी निजी कंपनी इंडिगो की मनमानी का नतीजा है। अगर मौजूदा संकट की बात करें तो सरकार का निकम्मापन यह है कि उसने मार्च 2024 में एक नियम बनाया और उसे लागू करने के लिए एक जुलाई 2025 और एक दिसंबर 2025 की डेडलाइन तय की और इतना समय देने के बाद भी इसे ठीक तरीके से लागू नहीं करा पाई। सवाल है कि क्या डीजीसीए को पता नहीं है कि देश के विमानन सेक्टर में करीब 65 फीसदी का हिस्सा रखने वाली और हर दिन 23 सौ उड़ानें संचालित करने वाली इंडिगो के पास पर्याप्त संख्या में पायलट नहीं हैं? निश्चित रूप से डीजीसीए को इसकी पूरी जानकारी थी क्योंकि उसके पास इस बात का पूरा आंकड़ा है कि देश में पायलट ट्रेनिंग के कितने इंस्टीट्यूट्स को मान्यता दी गई है, उनमें से प्रशिक्षित होकर कितने पायलट्स निकल रहे हैं और कितने लोगों को इंडिगो में नौकरी मिल रही है।उसे यह भी पता है इंडिगो के पास कितने जहाज हैं, कितनी उड़ानें हैं और कितने पायलट्स हैं। फिर भी उसने फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस यानी एफडीटीएल नियम लागू किया तो इसका रत्ती भर प्रयास नहीं किया कि सबसे बड़ी विमानन कंपनी इसे लागू करने की तैयारी शुरू करे। इसी साल अक्टूबर में डीजीसीए ने पर्याप्त पायलट ट्रेनिंग नहीं होने के लिए इंडिगो के ऊपर जुर्माना लगाया था। जाहिर है उसको पता है कि एफडीटीएल नियम को लागू करने के लिए इंडिगो ने कोई तैयारी नहीं की है। फिर भी उसने इंडिगो को तैयारी के लिए बाध्य नहीं किया और न समय रहते समय सीमा बढ़ाने का फैसला किया।यही पर इंडिगो की मनमानी की बात आती है।

> **क्या 20 हजार पायलट की जरुरत होगी और अडानी ने पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण किया है इसलिए इंडिगो का इतना बड़ा संकट खड़ा कराया गया है ताकि पायलट की कमी पर फोकस बने और अडानी को पचास, सौ करोड़ रुपए की कमाई हो जाए? यह बहुत बेकार का तर्क है। इंडिगो संकट की वैचारिक खांचे से व्याख्या करने वाले इस समूह का दूसरा निष्कर्ष यह है कि इंडिगो का संचालन करने वाली इंटरग्लोब ने 36 करोड़ रुपए के और उसके प्रमोटर राहुल भाटिया ने 20 करोड़ रुपए के इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदे, जिनमें से ज्यादातर बॉन्ड भाजपा को दिए गए। तो क्या इस रुपए के बदले में भाजपा की केंद्र सरकार ने इंडिगो को इतना बड़ा संकट खड़ा करने की इजाजत दी? यह निष्कर्ष पूरी तरह से गलत नहीं है तब भी अधूरा है। हो सकता है कि चंदे के लिहाज में सख्त कार्रवाई नहीं हुई हो लेकिन संकट इस वजह से खड़ा नहीं हुआ। असल में इंडिगो का संकट नागरिक विमानन मंत्रालय व नागरिक विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए और व्यापक रूप से केंद्र सरकार के निकम्मेपन और एकाधिकारवादी निजी कंपनी इंडिगो की मनमानी का नतीजा है।**




डीजीसीए ने तमाम संबंधित पक्षों यानी विमानन कंपनियों से सलाह मशविरा करके एफडीटीएल नियम तैयार किया और लागू करने की तारीख तय की। बाकी कंपनियां, जिनके पास कम जहाज हैं उन्होंने पर्याप्त संख्या में पायलट नियुक्त किए। तभी एक दिसंबर को एफडीटीएल नियम लागू होने का असर उनकी सेवाओं पर नहीं पड़ा। आखिर एयर इंडिया की भी हर दिन एक हजार से ज्यादा उड़ानें होती हैं। लेकिन वहां पायलट और चालक दल की कमी से उड़ानें रद्द नहीं हुईं। जाहिर है इंडिगो ने सबसे बड़ी कंपनी होने और भारत के आकाश पर एकाधिकार होने के अहंकार में न तो पायलट भर्ती की और न चालक दल के अन्य सदस्यों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति की।उसको विश्वास था कि वह बांह मरोड़ कर सरकार से मनमाफिक फैसला करा लेगी। उसने वही किया। उसने नए नियम लागू करने की बजाय उड़ानें रद्द करनी शुरू कर दी। उसने पांच दिसंबर को डेढ़ हजार से ज्यादा उड़ानें रद्द की थीं, जिसके बाद सरकार पीछे हटी। उसको पता था कि यात्री परेशान होंगे तो सरकार पीछे हटेगी। सो, उसने लाखों यात्रियों को जान बूझकर परेशान किया और सरकार को झुकाया।यह बहुत खतरनाक प्रवृत्ति का इशारा है और सिर्फ एक सेक्टर का संकट नहीं है। जिस तरह समय के साथ विमानन सेक्टर में एक कंपनी का एकाधिकार बना है वैसे ही ऊर्जा से लेकर संचार और सीमेंट, हवाईअड्डा व बंदरगाहों से लेकर खाने पीने की चीजों तक चुनिंदा कंपनियों का एकाधिकार बना है। एकाधिकारवादी अर्थव्यवस्था बनाने में सीधे तौर पर सरकार का हाथ है तो उन एजेंसियों का भी हाथ है, जिनकी जिम्मेदारी इन बातों पर निगरानी करने की है। सोचें, भारत में एक प्रतिस्पर्धा आयोग भी है, लेकिन हर जगह प्रतिस्पर्धा समाप्त होती जा रही है या की जा रही है और यह आयोग कुछ नहीं करता है। इसके बरक्स अमेरिका के एंटी ट्रस्ट कानून और उसे लागू कराने वाली एजेंसी को देखें तो फर्क साफ नजर आएगा। वहां नेटफ्लिक्स ने वार्नर ब्रदर्स को खरीदा है तो एंटी ट्रस्ट कानून के तहत उसकी समीक्षा हो रही है। लेकिन भारत में ऐसी कोई पहल नहीं होती है।अगर सिर्फ विमानन सेक्टर को देखें तो 2012 में किंगफिशर एयरलाइंस बंद हो गई। उसके बाद 2018 में जेट एयरवेज दिवालिया हो गई और पांच साल बाद 2023 में गो एयर बंद हो गई। और इसी बीच भारत सरकार ने अपनी कंपनी औने पौने दाम में टाटा समूह को बेच दी। उससे पहले सहारा एयरलाइंस, डेक्कन और एमडीएलआर जैसी कई विमानन कंपनियां बंद हुई थीं। एक तरफ विमानन कंपनियां धड़ाधड़ बंद हो रही थीं और दूसरी ओर सरकार उड़ान योजना के तहत छोटे शहरों में हवाईअड्डे बनाने या बड़े हवाईअड्डों के निर्माण और कनेक्टिविटी की घोषणा करने में लगी थी। आखिर सरकार ने सोचा क्यों नहीं कि 10 साल बाद विमानन का परिदृश्य कैसा होगा? कितने विमानों, कितने पायलटों, चालक दल के सदस्यों, हवाईअड्डों आदि की जरुरत होगी? विमानन मंत्रालय और डीजीसीए ने इस बारे विचार ही नहीं किया।अगर विचार किया होता तो जेट एयरवेज को रिवाइव करने की कोशिशों को कामयाब बनाया जाता। गो एयर के विमान अलग अलग हवाईअड्डों पर खड़े हैं उनको चालू कराने की कोशिश की गई होती। आखिरी सरकार आइडिया और वोडाफोन के कर्ज को इक्विटी में बदल कर उसे बार बार राहत दे रही है। क्या वैसी राहत विमानन सेक्टर की कंपनियों को नहीं दी जा सकती है? यह सही है कि इंडिगो का एकाधिकार सरकार ने नहीं बनवाया है। उसने बेहतर प्रबंधन से एकाधिकार बनाया लेकिन किराए से लेकर सेवा की खराब गुणवत्ता तक में सरकार और डीजीसीए ने उसकी मनमानियों की अनदेखी की है, जिससे ऐसी स्थिति पैदा हुई।

# तेजस का क्रैश सैन्य साख का भी क्रैश

**हरिशंकर व्यास**

पर भारत की मानों आंखें बंद। तभी खबर रफा–दफा हुई। जिस सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तेजस बनाया है, उसने इतना भर कहा, दुर्घटना विशेष परिस्थितियों की अलग घटना हैज् तेजस समग्र रूप से विश्वसनीय है। वही मीडिया चैनलों में सुनाई दिया कि अमेरिका ने दुबई एयर शो में तेजस दुर्घटना की साज़िश रची। मतलब जो हुआ, दुनिया ने जो देखा और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने लिखा वह सब भारत में बेमतलब। इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने तेजस में बैठकर उसकी विश्वसनीयता बनाई थी। पर 12 हजार घंटे से अधिक उड़ान के अनुभव वाले एयरफोर्स पायलट विंग कमांडर स्याल के बस में भी यदि तेजस नहीं हुआ तो क्या विश्वसनीयता? ऐसे में क्या पारदर्शी जांच, कमियों पर विचार, सुधार की चिंता की बहस नहीं होनी चाहिए थी? निश्चित ही एयर शो में हादसा नई बात नहीं है। पहले भी रूसी, चीनी विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। लेकिन रूस, चीन ने अपनी गलतियों, कमियों को समझते हुए उत्पाद सुधारे हैं, वही भारतीय कंपनी का सपाट जवाब है कि, हमारा उत्पादन समग्र रूप से विश्वसनीय है, और जो हुआ है वह अपवाद है! ध्यान रहे तेजस प्रोजेक्ट चालीस साल पुराना है। रूसी मिग 21 की जगह इसके वायु सेना में बेड़े बनने थे। लेकिन हकीकत है कि प्रोजेक्ट कायदे से सिरे ही नहीं चढ़ा। तभी भारतीय वायु सेना



में अब सिर्फ 29 स्क्वाड्रन रह गई है, जबकि 42 स्क्वाड्रन की संख्या होनी ही चाहिए। लेकिन विमान हैं ही नहीं। रक्षा मंत्रालय ने तेजस एमके–1ए के 180 विमानों का ऑर्डर दिया हुआ है। पर विदेशी जीई इंजन की सप्लाई में देरी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के नौकरशाही ढर्रे और तकनीकी बाधाओं का न कांग्रेस सरकारों के समय समाधान निकला और न मोदी सरकार में है। जबकि चीन और पाकिस्तान (चीन की सप्लाई से) के वायु बेड़ों में कमी नहीं है। दरअसल भारत की सैन्य तैयारियों में न तो समय पर काम होता है और न कोई पारदर्शिता व जवाबदेही है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, डीआरडीओ हो या रक्षा मंत्रालय की खरीद के फैसले, प्रोजेक्ट लटके रहते हैं। दुबई शो में क्रैश के गंभीर मायने इसलिए हैं क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने वैश्विक नैरेटिव, डोनाल्ड ट्रंप के विमानों के गिरने वाले बयानों के सिलसिले में तेजस का क्रैश सैन्य साख का भी क्रैश है। सोचें, तेजस क्रैश के बाद इज़राइली अखबार ने यह बताया है कि तेजस को खरीदने में आर्मेनिया की दिलचस्पी थी पर अब वह खत्म है। उधर वैश्विक सामरिक मीडिया में चीन और पाकिस्तान जेएफ–17 (चीन निर्मित) लड़ाकू विमान के युद्ध में परखे हुए होने की चर्चा है। दुबई के एयर शो में तेजस का प्रदर्शन खाड़ी के देशों, अफ्रीकी, लातिनी अमेरिकी देशों व मलेशिया आदि को लुभाने या ग्राहक तलाशने के लिए था। पर कोई देश तब खरीदता है जब विक्रेता से सुरक्षा, विश्वसनीयता, आफ्टर सेल सपोर्ट का भरोसा हो और क्रैश इतिहास लगभग शून्य हो। तभी तेजस, यानी भारत के सबसे पुराने स्वदेशी लड़ाकू विमान को लेकर अब दुनिया की राय अहम हो गई है। हिंदुस्तान एयरोस्पेस का पुराना रिकॉर्ड खुलता हुआ होगा। जैसे इक्वाडोर को बेचे गए हेलीकॉप्टर ध्रुव का सौदा। ध्यान रहे, सन् 2008–2009 में हिंदुस्तान एयरोस्पेस ने इक्वाडोर को सात ध्रुव एएलएच बेचे थे।

# मिस यूनिवर्स इंडिया की टॉलीवुड में एंट्री

मैत्री मूवी मेकर्स ने हाल ही में अपनी आने वाली तेलुगु एक्शन–कॉमेडी जेट ली का टाइटल और फर्स्ट–लुक पोस्टर जारी किया, और मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा के जन्मदिन पर फिल्म में उनके डेब्यू की घोषणा भी की। कैप्शन में लिखा था, एक यूनिवर्सल तेलुगु सिनेमा में मिस यूनिवर्स इंडिया, रिया सिंघा को पेश करते हुए, जो जेट ली की दुनिया से आ रही हैं। अद्भुत और खूबसूरत रिया को जन्मदिन की बहुत–बहुत शुभकामनाएँ। रितेश राणा द्वारा निर्देशित, जेट ली में लोकप्रिय कॉमेडियन सत्य और वेन्नेला किशोर भी हैं, जो एक्शन और कॉमेडी का एक हाई–एनर्जी मिश्रण पेश करने का वादा करती है। यह फिल्म एक एविएशन–थीम वाली कहानी के इर्द–गिर्द घूमती है जिसमें रोमांचक ट्विस्ट और मज़ेदार स्थितियाँ हैं, जिसका मकसद बड़े–बड़े विजुअल्स और एक अनोखी कहानी के साथ दर्शकों का



मनोरंजन करना है। फिल्म की शूटिंग 2 दिसंबर, 2025 को शुरू हुई, जबकि टीज़र 14 नवंबर, 2025 को रिलीज़ हुआ था। वाइब्रेंट फर्स्ट–लुक पोस्टर में रिया सिंघा को धमाकेदार विजुअल्स के बीच एक दमदार, स्टाइलिश पोज़ में दिखाया गया है, जो उनकी मज़बूत स्क्रीन प्रेजेंस पर ज़ोर देता है और उनकी पैन–इंडिया अपील के लिए माहौल तैयार करता है। प्रोडक्शन क्रेडिट में काला भैरव का संगीत, सुरेश सारंगम की सिनेमैटोग्राफी, हृषिकेश सीएच का वीएफएक्स सुपरविज़न, चुक्का विजय कुमार का सह–निर्देशन, नारनी श्रीनिवास का प्रोडक्शन डिज़ाइन और तेजा आर के कॉस्ट्यूम शामिल हैं।

# विराट कोहली और अनुष्का शर्मा भारत लौटे

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शनिवार को लंदन से भारत लौटे। किंग कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मुंबई पहुंचे। मुंबई के कलिना एयरपोर्ट से इस कपल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। फैंस कयास लगा रहे हैं कि वे फुटबॉल के सुपरस्टार लियोनेल मेसी से मिलने आए हैं। इस महीने की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज जीतने के बाद विराट कोहली लंदन चले गए थे।

3 दिन भारत में मेसी

मेसी आज, 13 दिसंबर से 3 दिन के भारत दौरे पर हैं। अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी मेसी आज सुबह कोलकाता पहुंचे। इसके बाद शाम को वह हैदराबाद चले गए। हैदराबाद पहुंचने पर लियोनेल मेसी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवनाथ



रेड्डी से मुलाकात की। कल फुटबॉलर मुंबई के लिए रवाना होंगे। इसके अलावा वह दिल्ली भी जाएंगे।

फैंस हुए बेकाबू

कोलकाता के विवेकानंद युवाभारती क्रीड़ांगन (साल्टलेक स्टेडियम) में मेसी 22 मिनट रुके। स्टेडियम में मेसी अधिकारी–मंत्रियों से मुलाकात करते रहे। ऐसे में मोटी रकम खर्च कर आए फैस को उनकी एक झलक तक नहीं मिली। इससे फैंस खासे नाराज हो गए। मेसी के फैंस ने जमकर उत्पात मचाया। स्टेडियम में तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं कुछ फैंस तो मैदान में ही घुस गए। स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस को एक्शन लेना पड़ा।उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें कई लोगों के जख्मी होने की खबर है। मेसी के स्टेडियम की परिक्रमा करने के दौरान हंगामा शुरू हुआ। फैंस का आरोप है कि मेसी को सैकड़ों लोगों ने घेर रखा था, ऐसे में वह दिख नहीं रहे थे। उन्होंने हजारों रुपये खर्च करके टिकट खरीदा था। रिपोर्ट्स की मानें तो लियोनेल मेसी सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए मिसमैनेजमेंट से काफी नाराज दिखे। उन्होंने इस मामले की शिकायत भी की थी। मेसी के इवेंट में हुए मिस मैनेजमेंट को लेकर बड़ी कार्रवाई की गई। इवेंट के मुख्य आयोजक सताद्रू दत्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।

## अभय वर्मा की फिल्म छूमंतर से बाहर हुईं अनन्या पांडे



बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कामकाजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक तरफ वह आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसमें उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। दूसरी तरफ अभिनेत्री अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज कॉल मी बे के दूसरे सीजन की तैयारी में जुटी हैं। हालांकि, नई जानकारी प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी क्योंकि आगामी फिल्म छूमंतर से अनन्या बाहर हो गई हैं। एक सूत्र ने अनन्या द्वारा अभय वर्मा अभनीत छूमंतर छोड़ने की वजह बताई है। सूत्र ने कहा, फिल्म की टीम जनवरी, 2026 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। यह कॉल मी बे 2 की शूटिंग से टकरा रहा है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसलिए अनन्या और छूमंतर के निर्माताओं ने जल्द ही साथ काम करने के वादे के साथ अलग होने का फैसला किया है। सूत्र ने कहा, पिछले हफ्ते 3 कलाकारों संग एक मॉक शूट हुआ था। इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा की तैयारी कई महीनों से चल रही है और अगले हफ्ते से वर्कशॉप शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, छूमंतर से अनन्या की विदाई के बाद कास्ट में कथित बदलाव हुए हैं।

## तू मेरी मैं तेरा... रिलीज से पहले ट्रेलर रिलीज पर माहौल बनाएंगे निर्माता, आई ये जानकारी

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी रिलीज के करीब है। फिल्म का टीजर और गाने पहले ही दर्शकों को दीवाना बना चुके हैं, अब बारी ट्रेलर की है। इस बीच, नई जानकारी हाथ लगी है कि तू मेरी मैं तेरा... का ट्रेलर एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। ट्रेलर रिलीज की संभावित तारीख भी सामने आ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, तू मेरी मैं तेरा... का ट्रेलर इसी हफ्ते आ सकता है। सूत्र ने बताया, फिल्म की टीम सोमवार, 15 दिसंबर को ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रही है। तारीख लगभग तय है, लेकिन आखिरी फैसला जल्द लिया जाएगा। सूत्र ने आगे कहा कि निर्माता ट्रेलर लॉन्च के लिए मुंबई में भव्य कार्यक्रम की योजना बना रहे हैं। कार्तिक–अनन्या के अलावा, निर्देशक समीर विद्वान्स, करण जौहर, अन्य टीम के साथी शामिल हो सकते हैं।

# 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी

बेंगलुरु, भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में एक दशक से अधिक समय के बाद वापसी करने जा रहे हैं और उनके सभी मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाने की संभावना है। हाल ही में कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के प्रमुख चुने गए वेंकटेश प्रसाद को राज्य सरकार से स्टेडियम में फिर से मैच आयोजित करने की अनुमति मिल गई है।

**11 लोगों की हुई थी मौत**

इस साल की शुरुआत में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली आईपीएल जीत के जश्न के दौरान हुई भगदड़ के बाद कर्नाटक सरकार द्वारा घटना की जांच के लिए नियुक्त जस्टिस जान माइकल डी कुन्हा आयोग ने स्टेडियम को बड़े पैमाने के आयोजनों के लिए अनुपयुक्त घोषित कर दिया था। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई खिलाड़ी घायल हो



गए थे। ऐसे में केएससीए की महाराजा ट्रॉफी भी अगस्त में मैसूर में शिफ्ट कर दी गई थी और महिला विश्व कप के भी किसी मैच की मेजबानी चिन्नास्वामी स्टेडियम को नहीं दी गई थी।

**आयोजन की अनुमति दी गई**

हालांकि, शुक्रवार को राज्य कैबिनेट की बैठक के बाद राज्य के डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि भविष्य में किसी भी घटना से बचने के लिए हमने एहतियाती कदम उठाए हैं। उसी के अनुसार चिन्नास्वामी में मैचों के आयोजन की अनुमति दी है। ऐसे में अब संभावना है कि विराट विजय हजारे ट्राफी के अपने सभी मैच आरसीबी के इस घरेलू मैदान पर खेल सकते हैं।

**पंत भी खेल सकते हैं टूर्नामेंट**

विराट और पंत के लिए तैयारी विराट और विकेटकीपर–बल्लेबाज रिषभ पंत दोनों को टूर्नामेंट के संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है और वे पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। ऐसे में केएससीए विराट और पंत की स्टार पावर को देखते हुए कुछ स्टैंड को जनता के लिए खोलने और 2,000–3,000 प्रशंसकों को जगह देने की योजना बना रहा है।

## एक नजर

### पार्षद सुखपाल को सम्मान मिलने का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री विश्वकर्मा उत्थान समिति ने पार्षद सुखपाल शाह को डा. अंबेडकर विशिष्ट सेवा नेशनल अवार्ड देने का स्वागत किया है। कहा कि सुखपाल शाह लगातार समाजिक सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

झंडीचौड़ में आयोजित बैठक में समिति ने पार्षद सुखपाल शाह को सम्मान दिए जाने का स्वागत किया। कहा कि दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. एसपी सुमनाक्षर व पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने सुखपाल शाह को यह सम्मान दिया। किसान नेता परसुराम ने कहा कि सुखपाल शाह को पूर्व में भी अकादमी ने डा. अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड, भगवान बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड, महात्मा ज्योतिबा फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड से सम्माननित किया था। इसके अतिरिक्त पूर्व में उन्हें कई सम्मान दिए गए हैं। इस मौके पर विश्वंभर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, पूर्व प्रधान पुष्पा शाह, कोषाधिकारी टीका राम, राजेंद्र सिंह चौहान, हरि सिंह रावत, चंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद, गजे सिंह, चंद्रपाल शाह, सोहन लाल, चतर सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

### दर्जनों गांव में भालू का आतंक, दहशत में ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** प्रखंड रिखणीखाल क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में भालू का आंतक बना हुआ है। भालू की सक्रियता के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल बना है।

रिखणीखाल प्रखंड के ग्राम डिंड, दरखास्तीखाल, डबराड़, छड़ियाणी पश्चिमी व जोशियोंडांडा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भालू चहल कदम कर रहा है। इसके अलावा ग्राम सभा कोटनाली, कलीगाड़, कलवाड़ी में भी भालू का आंतक बना हुआ है। भालू के आतंक से अंधेरा होने से पहले ही ग्रामीण अपने घरों में दुबकने के मजबूर हो रहे है। वर्तमान में अधिकांश गांव पलायन के चलते खाली हो गए हैं। लेकिन, मौजूदा ग्रामीणों का भी गांवों में रहना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणें का कहना है कि भालू रात के वक्त आबादी क्षेत्र में आ रहा है और घर-आंगन में उगे फलदार पेड़ों को तहस-नहस कर दे रहा है। कहा कि भालू ग्रामीणों पर हमला करने से भी बाज नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने व भालू से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पिंजरा लगवाने की मांग की है।

### छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या राजकीय इंटर कॉलेज एकेश्वर में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की उद्देश्यों एवं लाभों की जानकारी देते हुए बालिकाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों की विस्तार से जानकारी दी गई।

स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कैरियर काउंसलिंग विशेषज्ञ प्रदीप नेगी ने छात्राओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को अपनी रुचि, क्षमता एवं योग्यता के अनुरूप कैरियर का चयन करना चाहिए, जिससे वे भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकें। सुशील कुमार ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग की डा. मोनिका असवाल ने चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों की जानकारी दी। इस मौके पर सुपरवाइजर शारदा रानी आदि मौजूद रहे।

### 215 मामलों का लोक अदालत में निराकरण

श्रीनगर गढ़वाल : बाह्य न्यायालय श्रीनगर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 215 मामलों का निस्तारण किया गया। जज/न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अलका की अध्यक्षता में हुई लोक अदालत में अधिवक्ताओं ने 209 फौजदारी वाद, 4 एनआई एक्ट, 2 सिविल वादों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन श्रीनगर के अध्यक्ष प्रमेश चन्द्र जोशी, बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूप श्री पांथरी, श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी, सचिव ब्रह्मानन्द, सुबोध भट्ट, प्रदीप मैठाणी, विकास पंत, देवी प्रसाद खरे, महेंद्र पाल सिंह रावत, भुपेंद्र पुण्डीर, विकास पंत, सुरेंद्र सिंह रौथाण, सुधीर उनियाल, सुनीता भण्डारी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# दगा दे रही स्ट्रीट लाइट, जानवरों का खतरा

### जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में जंगली जानवरों की धमक बढ़ने लगी है। ऐसे में जानवरों से सुरक्षा के लिए आबादी क्षेत्र में लगाई गई स्ट्रीट लाइट ने भी धोखा देना शुरु कर दिया है। कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। ऐसे में रात के समय राहगीरों को मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा बना हुआ है। शिकायत के बाद भी नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।



वर्ष 2018 में नगर निगम गठन के बाद करीब चालीस लाख रुपये की लागत से वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाइट लगने से लोगों को काफी राहत मिली। लेकिन, वर्तमान में कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। कई स्थानों पर तो स्ट्रीट लाइट की रोशनी इतनी कम हो गई है कि उसका लगना व न लगना बराबर हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी सनेह, कुंभीचौड़, शिवपुर, झंडीचौड़ सहित भाबर के अन्य स्थानों पर बनी हुई है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से लोगों को जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। अंधेरे के कारण लोगों ने जंगल से सटे मार्गों पर आवागमन करना भी बंद कर दिया है। कुंभीचौड़ क्षेत्र के लोगों ने कुछ दिन पूर्व नगर निगम से इसकी शिकायत भी की थी। लोगों का कहना था कि इन दिनों जंगल से सटे मार्गों पर हाथी की धमक बढ़ रही है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाया जाना चाहिए। बावजूद नगर निगम ने समस्या को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। ऐसे में लोग रात के समय शादी समारोह में जाने से भी घबरा रहे हैं।

**अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग**

कुंभीचौड़, झंडीचौड़ सहित अन्य क्षेत्रों के लोग जंगल से सटे मार्गों पर अतिरिक्त स्ट्रीट लाइन लगवाने की भी मांग उठा रहे हैं। लेकिन, नगर निगम का ध्यान केवल बाजार क्षेत्र के वार्डों में ही बना हुआ है। जबकि, कुंभीचौड़, शिवपुर सहित अन्य स्थानों पर हाथी को रोकने के लिए बनाई गई सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है। ऐसे में लगातार हाथी की धमक आबादी में बढ़ रही है।

### कोटद्वार में एसडीएम की स्थाई नियुक्ति की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोटद्वार ने कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी की स्थाई नियुक्ति करने की मांग की है। परिषद ने इस सम्बन्ध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में परिषद के मीडिया प्रभारी बलवान सिंह रावत ने कहा कि कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल की तहसीलों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण व संवेदनशील तहसील है। वर्तमान में कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी की स्थाई नियुक्ति नहीं है। लैंसडौन उपजिलाधिकारी के पास कोटद्वार तहसील का भी प्रभार है। लैंसडौन उपजिलाधिकारी के कार्यवाहक के रूप में कार्य करने से कोटद्वार की जनता के आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पा रहे है। जिस कारण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपजिलाधिकारी के स्थाई रूप से नियुक्ति न होने से तहसील में कार्य का संचालन नहीं हो पा रहा है, लंबित कार्यों की संख्या बढ़ती जा रही है, विवादों का निपटारा भी एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी की प्राथमिकता के आधार पर स्थाई नियुक्ति करने की जानी चाहिए।

# रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेला 26 दिसंबर से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रोटरी क्लब कोटद्वार की शनिवार को आयोजित बैठक में आगामी 26, 27 व 28 दिसम्बर 2025 को तीन दिवसीय रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मेले सम्बन्धित तैयारियो की चर्चा की गयी।

रोटरी भवन नजीबाबाद रोड में आयोजित बैठक में अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने बताया कि रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेला आगामी 26, 27 व 28 दिसम्बर 2025 को विजय गार्डन, सर्कस ग्राउण्ड देवी रोड कोटद्वार में आयोजित किया जायेगा। बताया कि स्वस्थ एवं सुसंस्कृत समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए विगत 50 वर्षों से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। 26 दिसम्बर को शतरंज (प्राथमिक चरण), रंगोली प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस शो, 27 दिसम्बर को मेहन्दी प्रतियोगिता, शतरंज प्रतियोगिता द्वितीय चरण, स्केच आर्ट पेन्सिल प्रतियोगिता, सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता, मिस कोटद्वार, 28 दिसंबर को स्लो साईकिल रेस, शतरंज फाइनल, पेन्टिंग प्रतियोगिता, एकल लोकनृत्य, मिस कोटद्वार फाइनल चरण का आयोजन किया जायेगा।

मेला का संयोजक अभय रावत, मेला सलाहकार अनीत चावला, मेला कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल को बनाया गया। मेले में खान-पान, मनोरंजन स्टाल, विभिन्न कम्पनियों के स्टाल, हैण्डी क्राफ्ट के स्टाल लगाये जायेगे। स्टालों की जिम्मेदारी अनीत चावला को सौंपी गई है। ऋषि ऐरन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सचिव विजय कुमार ने किया।

# डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल को किया याद



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शनिवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल का जयन्ती समारोह मनाया गया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने हिंदी साहित्य जगत में डा. बड़थ्वाल के योगदान को अतुलनीय बताया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने सर्वप्रथम डॉ. बड़थ्वाल की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित की और दीप प्रज्वलित किया। प्रो. नेगी ने कहा कि डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल का जीवन प्रेरणा से भरा है, जीवन की विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हिन्दी साहित्य में जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, अविस्मरणीय हैं। डॉ. कपिल थपलियाल ने डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल का साहित्यिक विमर्श प्रस्तुत किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

### आइसा ने की आईपीएस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर शनिवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर गेट के समीप प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप छात्रों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आईपीएस अधिकारी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल ने कहा कि आरोप है कि पिथौरागढ़ एसएसपी रहते हुए लोकेश्वर सिंह ने एक आरटीआई एक्टिविस्ट के साथ मारपीट कर मानवाधिकारों का उल्लंघन किया। राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण की जांच में उन्हें दोषी पाया गया है। कहा कि पुलिस निरंकुश होकर जनता के साथ अभद्र व्यवहार कर रही है। पूर्व छात्रा प्रतिनिधि प्रियंका खत्री ने कहा कि पुलिस स्वयं को मित्र पुलिस बताकर आम जनता की सेवा का दावा करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत दिखाई दे रही है।

# फर्जी तरीके से भूमि बेचने वाली महिला गिरफ्तार



कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी महिला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** फर्जी आधार कार्ड तैयार कर भूमि बेचने संबंधी एक मामले में फरार चल रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

बीते अप्रैल माह में दुर्गापुरी निवासी लीला देवी की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया कि उनकी कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत दुर्गापुर में 0.044 हेक्टेयर भूमिधरी है। 14 जुलाई 2022 को अज्ञात महिला ने उनका फर्जी आधार कार्ड बनाकर उनकी पूरी भूमि दो अन्य महिलाओं को बेच दी। पुलिस ने मामले में एक अधिवक्ता समेत चार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दिया है। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवर ने बताया कि मामले में पूर्व में ताड़केश्वर नगर निवासी मकबूल अहमद व गिवईं स्रोत निवासी दुर्गा देवी को गिरफ्तार किया गया था। बताया कि मामले में फरार पेंसिल फैक्ट्री स्थित एक वेंकेट हाल के समीप रहने वाली नाजिया मंसूरी को गिरफ्तार किया है। बताया कि न्यायालय के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# जंगली जानवरों से सुरक्षित रहने हेतु जनजागरण करें अभिभावक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** समग्र शिक्षा के तत्वावधान में विद्यालय प्रबन्धन एवं विकास समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संकुल किनसुर में शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज किनसुर में द्वितीय फेरे के साथ सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज कैण्डुल ठांगर के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे जंगली जानवरों के हमले व उनसे बच्चों और स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु जनजागरण की अभिभावकों से अपील की।



द्वितीय फेरे का आयोजन राइंकॉ किनसुर में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ठांगर जितेंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य कैंडुल ठांगर संजय कुमार, अतिविशिष्ट अतिथि प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राइकॉ किनसुर महेन्द्र सिंह राणा, शारीरिक शिक्षक राइकॉ किनसुर मनोज नेगी, नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राइंकॉ किनसुर गोपाल सिंह की उपस्थित में किया गया। प्रशिक्षण से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा समग्र शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकार, सामाजिक सम्परीक्षा, एसएमसी/एसएमडीसी के गठन एवम् उद्देश्य, पीएम पोषण योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्वच्छता एवम् बाल स्वास्थ्य, बालिका शिक्षा कार्यक्रम, आपदा प्रबन्धन, समावेशी शिक्षा, साइबर क्राइम, बाल वाटिका, निपुण भारत, मिशन कोशिश, प्रतिभा दिवस, कौशल, पीएमश्री विद्यालय, दीक्षा पोर्टल, बाल सखा कार्यक्रम, सुपर 100 कार्यक्रम, विज्ञान महोत्सव, इंस्पायर अवार्ड, कला उत्सव, वर्चुअल क्लास रुम, यू डाइस आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर पूर्व प्रधान किनसुर दीप चन्द शाह, फार्मासिस्ट राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय किनसुर राहुल लखेड़ा, वार्ड सदस्य किनसुर श्रीमती रजनी देवी, समाज सेवी वीरेन्द्र रावत, नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य राइंकॉ किनसुर गोपाल सिंह, सन्दर्भदाता रुपेश कुकरेती प्रवक्ता अर्थशास्त्र राइंकॉ किनसुर, संकुल समन्वयक सतीश चन्द्र आदि मौजूद थे।

### चिकित्सकों और नर्सिंग अधिकारियों ने सीखें इंजेक्शन अंतरा लगाने के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज श्रीनगर में शनिवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात चिकित्सकों व नर्सिंग अधिकारियों को एक दिवसीय इन्जक्टेबल, इंजेक्शन अंतरा का प्रशिक्षण दिया गया। बतौर प्रशिक्षक प्रोफेसर डा. नवज्योति बोरा ने प्रतिभागियों को अंतरा इंजेक्शन को प्रयोग में लाने की विधि, लाभार्थियों की कांउसलिंग, इंजेक्शन के प्रभाव व सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर परिवार नियोजन परामर्शदाता विजय लक्ष्मी, आईईसी समन्वयक शकुंतला नेगी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निवेदिता, डॉ. चर्चिल चौहान, डा. गौतम कुमार, नर्सिंग अधिकारी सोनिया, स्मिता बिष्ट, विनीता शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दोना-पत्तल बनाकर स्वरोजगार से जुड़ेंगे दिव्यांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत निंबूचौड़ स्थित दिव्यांग संस्था को प्रशासन की तरफ से दोना-पत्तल बनाने की मशीन सहित कच्चा माल उपलब्ध करवाया गया है। अब दिव्यांगजन दोना-पत्तल बनाने का प्रशिक्षण लेकर आजीविका भी करेंगे।

निंबूचौड़ स्थित दिव्यांग संस्थान के संचालकों की ओर से रोजगार को लेकर जिलाधिकारी से गुजारिश की गई थी। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की पहल पर संस्था को दोना-पत्तल बनाने की मशीन व आवश्यक कच्चा माल उपलब्ध करवा दिया है। बताते चलें कि जिलाधिकारी ने पिछले दिनों कोटद्वार भ्रमण के दौरान दिव्यांग संस्थान का निरीक्षण किया था, उन्होंने दिव्यांगजनों से स्वरोजगार के लिए सुझाव मांगे। दिव्यांगजनों ने संस्थान में दोना-पत्तल की मशीन सहित कच्चा माल उपलब्ध करवाने की बात कही। संस्था की संचालिका कविता मलासी ने बताया कि मशीन और कच्चा माल मिलने के बाद दिव्यांगजन तेजी से प्रशिक्षण लेकर उत्पादन कार्य में जुट गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के हितों के प्रति उनका दृष्टिकोण संवेदनशील है। कहा कि संस्था से 20 से अधिक दिव्यांगजन जुड़े हैं, जो अब अपने ही क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर दोना-पत्तल का उत्पादन करने लगे हैं। संस्था से जुड़े दिव्यांगजनों ने कहा कि इस सहयोग से उनमें कार्य करने का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है।

# साइबर सुरक्षा हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** छबी सेवा फाउंडेशन की ओर से साइबर हाइजीन अभियान तहत शनिवार को जनता इंटर कॉलेज पोखरीखेत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साइबर एंबेसडर डॉ. अतुल बमराडा ने छात्रों एवं शिक्षकों को साइबर हाइजीन की अनिवार्यता, डिजिटल प्लेट-फॉर्म पर सुरक्षित व्यवहार, डाटा गोपनीयता, गलत सूचना से बचाव और तकनीक के जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से बताया। बताया कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि कमलेश बलूनी व विमला रावत ने किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को डाटा गोपनीयता, गलत सूचना से बचाव और तकनीक के जिम्मेदार उपयोग पर विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि आधुनिक युग में साइबर सुरक्षा जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है और इस तरह के कार्यक्रम विद्यालयी शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाते हैं। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता से हुई। जिसमें विद्यालय के कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया।

### प्रतियोगिता में अनिका और मयूख रहे अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मलेथा में शनिवार को निपुण विद्यार्थी कक्षा 3 की प्रतियोगिता, गणित का जादुगर और इंग्लिश स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता आयोजित की गई। निपुण प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय मलेथा की अनिका ने प्रथम स्थान, घिल्डियाल गांव से आयुष ने द्वितीय और प्राथमिक विद्यालय कीर्तिनगर की सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गणित के जादूगर प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय से मयूख चौहान ने प्रथम, शुभम ने द्वितीय एवं अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में मलेथा से मयूख चौहान ने प्रथम, आरुषि ने द्वितीय और शिक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रुचि के अनुसार कॅरिअर चुनने से मिलेगी सफलता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : विकासखंड पोखड़ा के जनता इंटर कालेज कुटियाखाल में महिला सशक्तिकरण बाल विकास पोखड़ा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज किमगडी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पालीधार के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमन्ती रावत ने छात्रों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कैरियर काउंसलिंग विशेषज्ञ प्रदीप नेगी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार कॅरिअर का चयन करना चाहिए। इसी से जीवन में सफलता मिलेगी। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हम जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं, वहां आगे बढ़ने की कितनी संभावनाएं हैं। छात्रों ने कहा कि कार्यशाला से हमें कॅरिअर चुनाव करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से आई सोनम पांथरी ने मेडिकल से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से सम्बंधित समस्याओं व उनके निवारण की जानकारी दी। बाल विकास सुपरवाइजर सुशीला रावत ने विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। अधिवक्ता श्रीमती लक्ष्मी देवी ने बालिकाओं को यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हैल्प लाइन नंबर के बारे में बताया।



# खिलाड़ियों के हित में प्रशासन सक्रिय, खेल परिसरों में आधारभूत सुविधाएं होंगी मजबूत

### विशेष प्रधान सचिव ने रांसी व कंडोलिया खेल परिसरों का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष प्रधान सचिव अमित कुमार सिन्हा ने जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के साथ रांसी खेल मैदान एवं कंडोलिया स्थित इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस हॉल, जिम, हॉस्टल तथा किचन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए खेल प्रतिभागियों के हित में आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए।



विशेष प्रधान सचिव ने रांसी स्टेडियम परिसर में स्थित हॉस्टल और इंडोर स्टेडियम के मध्य सोलर लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे परिसर में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी और खिलाड़ियों व प्रशिक्षुओं को रात्रि समय में भी सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। साथ ही उन्होंने खेल अधिकारी को जिम के लिए प्रशिक्षक की शीघ्र तैनाती करने को कहा, ताकि खिलाड़ी नियमित एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी शारीरिक क्षमता और प्रदर्शन को और बेहतर बना सकें। इसके बाद विशेष प्रधान सचिव ने कंडोलिया स्थित इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश देते हुए कहा कि सुविधाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के अनुरूप विकसित किया जाय। उन्होंने छात्रावास और किचन का भी निरीक्षण किया तथा खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए किचन को साफ-सुथरा रखने और भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि छात्रावास की विद्युत लाइनों को शीघ्र व्यवस्थित किया जाय, जिससे खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

साथ ही उन्होंने जनरेटर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी छात्रावास की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें। जिलाधिकारी ने विशेष प्रधान सचिव को कंडोलिया इंडोर स्टेडियम में प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी। निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयबीर सिंह रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुलदार प्रभावित गांवों में वन कर्मियों की गश्त जारी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी और पोखड़ा रेंज में सक्रिय गुलदार के सक्रिय होने से ग्रामीण दहशत में हैं। पोखड़ा के देवराड़ी और पौड़ी रेंज के कोटी सहित इन्हीं रेंजों के अन्य गांवों में भी गुलदार की दहशत बनी है। देवराड़ी में बीते बुधवार को गुलदार ने एक महिला को घायल कर दिया था उसका उपचार अभी भी एम्स में चल रहा है। शुक्रवार की रात देवराड़ी में लगे वन विभाग के कैमरा ट्रैप में गुलदार कैद हुआ है, हालांकि यहां लगाएं गए पिंजरों में गुलदार कैद नहीं हुआ। वन विभाग की टीमें देवराड़ी से लेकर बगडीगाड और ढांढरी व कोटी में गश्त कर ही रही है। गजल्ड गांव में भी पिंजरा लगा हुआ है। गढ़वाल वन प्रभाग की एसडीओ लक्की शाह ने बताया कि पोखड़ा में गुलदार प्रभावित गांव देवराड़ी, बगडी सहित 5 पिंजरे गुलदार को कैद करने के लिए लगाएं गए है। इसके साथ ही इन गांवों में टीमें भी गश्त कर रही है। जबकि कोटी और ढांढरी में भी गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए टीमें तैनात है। कोटी और ढांढरी गांवों में भी गुलदार को कैद करने के लिए पिंजरे लगे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एसपी ने दिये सीसीटीवी कैमरों के सक्रिय रखने के निर्देश

चमोली : पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने शनिवार को पोखरी में थाना कार्यालय, भोजनालय, मालखाना एवं आवासीय भवनों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता परखी गई। उन्होंने पोखरी क्षेत्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के संचालन को देखा तथा कैमरों को हर समय सक्रिय रखने के निर्देश दिए। हवालात का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही थाने में उपलब्ध आपदा उपकरणों एवं सामग्री की जांच कर उनकी उपयोगिता व तत्परता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए धरपकड़ सुनिश्चित की जाए साथ ही विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं के मध्य साइबर अपराधों से बचाव, नशे के दुष्प्रभावों तथा महिला सुरक्षा आदि विषयों पर अधिक से अधिक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश। एसपी ने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करने तथा न्यायालय से प्राप्त सम्मनों की समयबद्ध तामील सुनिश्चित करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए। उनहोंने थाना भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को परखा गया। (एजेंसी)

### सेरा-तिवाखर्क के ग्रामीणों को सड़क निर्माण की उम्मीद जगी

चमोली : खंसर घाटी के सेरा-तिवाखर्क के ग्रामीणों को सड़क निर्माण की उम्मीद जग गई हे। यहां मालकोट में लगभग पांच करोड़ की लागत से रामगंगा नदी पर पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वर्ष 2014-15 में गांव के लिए लगभग तीन किमी. सड़क स्वीकृत हुई, जिस पर कटिंग आदि का कार्य भी पूर्ण हो गया, लेकिन न तो सड़क गांव तक पहुंची न ही रामगंगा नदी में पुल का निर्माण हुआ। इस कारण आधी अधूरी बनी सड़क का लाभ ही ग्रामीणों को नहीं मिल पाया। अब नदी में पुल निर्माण एवं गांव तक पहुंचने के लिए शेष साढ़े तीन किमी. सड़क को पीएमजीएसवाई योजना में प्रस्तावति किया गया है। जिससे ग्रामीणों को संघर्ष के बाद अब सड़क निर्माण की उम्मीद है। प्रधान सेरा तेवाखर्क हुकम सिंह बिष्ट का कहना है कि बड़े आंदोलन एवं संघर्ष के बाद गांव को सड़क से जोड़ने की उम्मीद जगी है साथ ही शेष साढ़े तीन किमी. मार्ग को पीएमजीएसवाई में रखने के लिए प्रथम चरण का सर्वे भी पूर्ण हो चुका है। पूर्व प्रधान हेमा देवी का कहना है कि उनके ग्रामवासियों ने गैरसैंण नगर में धरना प्रदर्शन के बाद 26 जनवरी 2023 से गांव में 53 दिन आमरण अनशन किया अब लम्बे संघर्ष बाद गांव तक सड़क निर्माण की आशा जगी है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता जेपी थपलियाल ने बताया कि मालकोट नामक स्थान पर 5 करोड़ 12 लाख की लागत से 48 मीटर स्पान पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। (एजेंसी)

### युगराज बने वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर

चमोली : उत्तराखंड के चमोली जनपद अंतर्गत तलवाड़ी गांव के होनहार युवक युगराज फर्स्वाण का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। उनके चयन से पूरे तलवाड़ी और थराली क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। युगराज ने एएफसीएटी परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण की। उन्होंने 12वीं तक की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय ग्वालदम से प्राप्त की तथा इसके बाद ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय देहरादून से बीटेक किया। उनके पिता नरेंद्र सिंह फर्स्वाण सेवानिवृत्त बंगाल इंजीनियर हैं, जबकि माता सुषमा देवी गृहिणी हैं। युगराज ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुओं को दिया है। 1 जनवरी से उनका प्रशिक्षण बेंगलुरु में शुरू होगा। (एजेंसी)

### 15 को लगेगी पैलिएटिव केयर ओपीडी

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में कैंसर मरीजों की सुविधा के लिए सोमवार 15 दिसंबर को पैलिएटिव केयर ओपीडी लगाई जाएगी। पैलिएटिव केयर ओपीडी के नोडल अधिकारी डॉ. मोहित ने बताया कि 25 दिसम्बर को लगने वाली पैलिएटिव केयर ओपीडी में कैंसर स्पेशलिस्ट एवं ऑन्कोलॉजी सर्जन डॉ. अजीत तिवारी मौजूद रहेंगे।

# पौड़ी से खेल क्रांति का आगाज, सांसद खेल महोत्सव से संवरेंगे भविष्य के चैंपियन

## हाई एल्टीट्यूड में हाई परफॉर्मेंस का विजन, पौड़ी बनेगा खेल प्रतिभाओं का हब, खेलेंगे युवा, जीतेगा देशः पौड़ी में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मामलों के केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने पौड़ी जनपद के कंडोलिया मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए युवाओं को खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने खेलों को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बताते हुए पौड़ी को हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित करने की दिशा में केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी।

केंद्रीय मंत्री के पौड़ी आगमन पर स्थानीय परंपरा के अनुरूप सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा मांगलिक गीतों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर सांसद खेल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद खेल महोत्सव की टी-शर्ट



एवं ट्रैकसूट का भी विमोचन किया गया। कंडोलिया मैदान में उपस्थित खिलाड़ियों एवं जनमानस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी मंच प्रदान करेगा। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश में खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। सांसद युवा महोत्सव से निकलने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी भविष्य में 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स सहित अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि पूरा देश जीतता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देशभर में खेल सुविधा अंतर के विश्लेषण का कार्य प्रगति पर है, जिसमें खेल अवसंरचना के विकास हेतु पौड़ी जनपद को भी विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। सांसद गढ़वाल द्वारा रखी गयी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्होंने कहा कि हाई एल्टीट्यूड की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खेल अवसंरचना विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जोशीमठ में 8 करोड़ रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद हरिद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, विधायक कर्णप्रयाग अनिल नौटियाल, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र अण्थवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, नगर पालिकाध्यक्ष हिमानी नेगी, खेल सचिव अमित सिन्हा, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, राज गौरव नौटियाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### पौड़ी हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग के लिए आदर्श स्थान : बलूनी

सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव पौड़ी के लिए गौरव का विषय है। यह प्रधानमंत्री के उस विजन को साकार करता है, जिसके अंतर्गत प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को कॉमनवेल्थ खेलों के आयोजन का अवसर मिला है तथा ओलंपिक के लिए भी बोली लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि पौड़ी हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग के लिए आदर्श स्थान है, जहां देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी प्रशिक्षण हेतु आते हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से पूरे क्षेत्र को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित करने, स्विमिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना तथा शीतकालीन खेलों के दृष्टिगत औली को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल प्लेटफार्म के रूप में विकसित करने हेतु केंद्र सरकार के सहयोग की मांग रखी।

## स्कूल के ऑफिस में शरारती तत्वों ने लगाई आग



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : मॉडर्न पब्लिक स्कूल सतपुली में शुक्रवार देर शाम लगभग साढ़े सात बजे शरारती तत्व द्वारा स्कूल के ऑफिस में पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। समय रहते आग पर काबू पाया गया, नहीं तो सभी स्कूली दस्तावेज जल सकते थे। स्कूल प्रबंधक ने इस मामले में थाने में तहरीर दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। शुक्रवार देर सांय को मॉडर्न पब्लिक स्कूल सतपुली में आग लगने की सूचना एक व्यक्ति ने स्कूल प्रबंधक को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचकर प्रबंधक गिरीश खुगशाल और सहयोगियों ने आग को बुझाया गया। गनीमत रही कि आग को समय पर बुझा दिया गया, नहीं हो कार्यालय के समस्त दस्तावेज जलकर राख हो सकते थे। स्कूल प्रबंधक ने आग लगने की सूचना थाने में दी। वहीं पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच की गई। मौके से पेट्रोल की छोटी बोतल, जले हुए पर्दे निशानदेही के रूप में सुरक्षित रखे गए है। अपर उपनिरीक्षक सोहनलाल टम्टा ने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

### राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 14 दिसंबर से

चमोली : गौचर के ऐतिहासिक खेल मैदान में राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 14 दिसंबर से होगा। टूर्नामेंट का आयोजन जय मां कालिंका क्रिकेट क्लब की ओर से किया जा रहा है। टूर्नामेंट के संरक्षक विधायक अनिल नौटियाल, नगर पालिकाध्यक्ष संदीप नेगी, अध्यक्ष गौसेवा के सदस्य अनिल नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष राकेश लिंगवाल, जिला पंचायत सदस्य रेखा बिष्ट, विपुल रावत, यदुवीर खत्री, नितेश चौधरी, महादेव बहुगुणा, दीपक बिष्ट, दिनेश बिष्ट, नवीन टाकुली, दिगंबर राणा, मुकेश नेगी, सुरेंद्र पुंडीर, महावीर रावत, सूरज धरियाल, संजय सती, पंकज देवली होंगे। कमेठी के अध्यक्ष अनिल नेगी ने बताया कि प्रथम विजेता टीम को एक लाख पच्चीस हजार व उपविजेता को 75 हजार रुपये मिलेंगे।

## लोक अदालत में 1160 वादों का निस्तारण किया



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वाधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद पौड़ी गढ़वाल के जिला न्यायालय एवं बाह्य न्यायालयों में किया गया।

लोक अदालत में फौजदारी मामले, राजस्व संबंधित मामले, धारा 138 एन.आई एक्ट से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर संबंधित मामले, वेतन भत्तों एवं सेवानिवृत्ति से संबंधित मामले, श्रम संबंधित मामले, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, घरेलू हिंसा वाद एवं बैंक एवं ऋण वसूली से संबंधित मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल श्रीमती नाजिश कलीम ने बताया कि शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में गठित कुल 09 बैंचों के द्वारा लंबित 1160 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही 61 प्री लिटिगेशन वादों का भी निस्तारण किया गया।

## प्रधान संगठन के जगवाण अध्यक्ष और राकेश मोहन बनें महामंत्री

रुद्रप्रयाग : जनपद में प्रधान संगठन की कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। सर्वसम्मति से विजयपाल जगवाण बंटी को अध्यक्ष एवं राकेश मोहन को महामंत्री बनाया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। शनिवार को मुख्यालय स्थित एक होटल में निर्वतमान अध्यक्ष पूर्व प्रधान देवेंद्र भंडारी की अध्यक्षता में प्रधान संगठन की बैठक आयोजित हुई। पहले कार्यकारिणी को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। प्रधान संगठन के लिए प्रारूप तैयार किया गया। 22 सदस्य टीम को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सुभाष रावत को संरक्षक बनाया गया। जबकि विजयपाल जगवाण को अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर बलवीर रौथाण, सुनील बुटोला, विनायका डिमरी बनाया गया। क्यार्की के प्रधान राकेश मोहन को महामंत्री बनाया गया। साथ ही नरेंद्र चौहान को भी सहयोग के लिए जिम्मेदारी दी गई। सचिव पद पर



हरीश टम्टा, विजय पंत, ज्योति चौधरी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष के लिए अमित सजवाण, प्रदेश सदस्य नरेंद्र चौहान, हनुमंत सिंह बिष्ट, विनायका डिमरी, सुभाष रावत को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रवीन सेमवाल, मनीष, अनुसूया देवी, किरन देवी, राहुल राणा, जयकृत कुंवर, सरिता नेगी, अनीता देवी, विकास, कुसुम देवी, संजय पांडेय, सुमन देवी, शिव प्रति लाल, अनुज नौटियाल, प्रीति देवी को शामिल किया गया।

### महेंद्र भट्ट ने विकास कार्यों के लिए दी सांसद निधि

चमोली : राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने चमोली जिले में विभिन्न जनहित कार्यों के लिए सांसद निधि के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। उत्तराखंड कर्मकार बोर्ड के उपाध्यक्ष कृष्ण मणि थपलियाल ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांसद महेंद्र भट्ट ने जनापेक्षाओं का सम्मान करते हुए जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए धनराशि मंजूर की है। स्वीकृत कार्यों में जोशीमठ के बड़ागांव स्थित हनुमान शिला तोक में टिन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, जोशीमठ के करछो गांव में आलू विपणन केंद्र निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की राशि दी। इसके अलावा नंदानगर के मटई के दोणा तोक में टिन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, नगर पालिका गोपेश्वर के शिव शक्ति नगर में बारात घर निर्माण के लिए 3 लाख रुपये तथा अनसूया तोक में टिन शेड एवं फर्श निर्माण के लिए 5 लाख रुपये सांसद निधि से स्वीकृत किए गए हैं। (एजेंसी)

## नशा तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें : एसएसपी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी सर्वेश पंवार ने नशा उन्मूलन अभियान को और अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। कहा कि नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी बढ़ाने और स्कूल, कॉलेज स्तर पर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। एसएसपी ने क्षेत्र के शातिर अपराधियों की गतिविधियों को अपडेटेड रखने रखने के भी निर्देश दिए। कहा कि सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त तैनाती, ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग, गलत दिशा में वाहन संचालन और स्टंटबाजी पर कड़ी चालानी की जाए। बैठक में एसएसपी ने सभी बीट अधिकारियों को अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करते हुए किरायेदारों, संदिग्ध व्यक्तियों और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। कहा कि होटलों, ढाबों और किराए के मकानों की जांच नियमित रूप से करे। बैठक के दौरान जिले की कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत करने के लिए व्यापक चर्चा हुई। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस गश्त को निरंतर बढ़ाने को कहा। कहा कि फरार, वांछित व शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तेजी लाते हुए अलग-अलग टीमों का गठन करे। कहा कि साइबर अपराधों के प्रति जनपद की साइबर सेल टीम को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाया जाए। उन्होंने थाने में आने वाले हर फरियादी की शिकायत प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा।

## दून अस्पताल में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर आंदोलनकारियों का प्रदर्शन

देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने शुक्रवार को दून अस्पताल परिसर में लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मांग की कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य विभाग की कमान या तो स्वयं संभालें या किसी कुशल विधायक को इसका जिम्मा सौंपें। राज्य आंदोलनकारी मंच ने शहीद स्मारक से अपने प्रदर्शन की शुरुआत की। नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी दून अस्पताल परिसर तक पहुंचे। आंदोलनकारियों ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख शिकायतें और मांग में दून अस्पताल में बदहाली, अल्ट्रासाउंड की समस्या, दवाइयां बाहर से लिखे जाने, शौचालयों में गंदगी और सीटी स्कैन व एमआरआई सुविधाओं में तकनीकी दिक्कतें जैसे मुद्दे शामिल थे। प्रदर्शनकारियों ने अपना ज्ञापन डीएम के माध्यम से सीएम को प्रेषित किया। जिसमे कोरोनेशन अस्पताल में एमआरआई और डिजिटल एक्स–रे सुविधा शुरू करने, गांधी शताब्दी अस्पताल में खाली पड़े कमरों को उपयोग में लाने के लिए ईसीजी, फिजिशियन व बच्चों के डॉक्टर तैनात करने, जिला अस्पतालों में 24 घंटे रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। प्रदर्शकारियों ने चेतावनी दी कि यदि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो राज्य आंदोलनकारी सड़कों पर उतरने को विवश होंगे। दून मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.गीता जैन, सीएमएस डॉ. एनएस. बिष्ट और अस्पताल प्रशासन के अन्य लोग वार्ता के लिए आए। प्राचार्य ने अल्ट्रासाउंड की समस्या पर कहा कि प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। प्रदर्शन में ये रहे शामिल केशव उनियाल, द्वारिका बिष्ट और संयुक्त नागरिक संगठन के सचिव सुशील त्यागी। ज्यादा समस्याएं स्वास्थ्य की, घेराव प्राचार्य का राज्य आंदोलनकारियों के ज्ञापन में अधिकांश समस्याएं स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों से जुड़ी थी।

### महिला मंगल दलों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

चमोली : चमोली जिले में आयोजित अलकनंदा पर्यटन ग्रामीण कृषि विकास मेला मैठाणा के चतुर्थ दिवस पर शिक्षण संस्थानों और महिला मंगल दलों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। शनिवार को मेले के चौथे दिन के समारोह का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने किया। मेले के शनिवार के आयोजन अवसर पर राजकीय आदर्श विद्यालय हरमनी एवं नंदप्रयाग के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति दी। वहीं। महिला मंगल दलों ने भी समा बंधा। अलकनंदा पर्यटन ग्रामीण मेले में विभागीय स्टालों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण ले रहे हैं। मेले के चौथे दिन का उद्घाटन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में आयोजित मेले के मंच धार्मिक सांस्कृतिक समाजिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है,

## मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में राइंका बीना के पांच छात्र चयनित

रुद्रप्रयाग : जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज बीना के पांच छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति चयन परीक्षा में सफलता पाई है। छात्रों की कामयाबी पर स्कूल के साथ ही क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई है। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 में चयन परीक्षा में राइंका बीना के अनुराज प्रताप अगस्त्यमुनि ब्लॉक में प्रथम स्थान पर विजयलक्ष्मी अगस्तमुनि ब्लॉक में तीसरे स्थान ने कक्षा 6 में तथा कक्षा 9 में आशना, शालिनी राणा व आंचल ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप राणा ने बताया बीते वर्ष भी विद्यालय के छात्र लगातार काययाबी पा



रहे हैं। उन्होंने विशेष कर पीयूष शर्मा विज्ञान अध्यापक तथा समस्त विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कहा कि यह प्रदर्शन निरंतर रूप से जारी रहना चाहिए। इसके लिए समस्त शिक्षक, छात्र मेहनत को जारी रखें। (एजेंसी)

## मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति की बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।

मुख्य सचिव ने विभागों को निर्देश दिए कि प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से लेकर कार्य पूर्ण होने तक प्रत्येक स्तर की समय सीमा निर्धारित की जाए। विभागों द्वारा अपनी परियोजनाओं की विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए, ताकि कार्यों को निर्धारित समय पर पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने की भी बात कही। उन्होंने नंदा राजजात यात्रा से सम्बन्धित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव ने पेयजल विभाग की



लोहाघाट टाउन पंपिंग पेयजल योजना (कुल लागत 8444.67 लाख), रामनगर नैनीताल में मल्टीस्टोरी पार्किंग (कुल लागत 3857.64 लाख) एवं लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत नंदप्रयाग घाट – सुतोल – कनोल मोटर मार्ग का सुदृढ़ीकरण एवं डामरीकरण का कार्य (लागत 1289.21 लाख), टनकपुर (चम्पावत) में मीडिया सेंटर , गेस्ट हाउस और कम्युनिटी हॉल निर्माण ( कुल लागत 1424.52 लाख) के प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त समिति की बैठक में पीएसी बटालियन रुद्रपुर के लिए आरटीसी एवं 188 बैडेड बैरक (कुल लागत 1991.54 लाख) और देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (कुल लागत 3034.78 लाख) निर्माण कार्य को भी संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने अटफ्वळ 2.0 के तहत् विभिन्न स्थानीय निकायों में पेयजल, पार्क प्रस्तावों एवं जलाशय कायाकल्प आदि के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव ने पार्क एवं जलाशयों के कायाकल्प पर विशेष ध्यान दिए जाने के भी निर्देश हैं।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, श्रीधर बाबू अद्दांकी, विनोद कुमार सुमन, एस.एन. पाण्डेय, युगल किशोर पंत एवं अपर सचिव विनीत कुमार एवं निवेदिता कुकरेती, विम्मी सचदेव सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जन परेशानः कांग्रेस

देहरादून। न्यू रोड स्थित कैम्प कार्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से आम जन परेशान है। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को सफल बनाने के लिए राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व विधायक राजकुमार ने ली। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पब्लिक समस्याओं से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि आज संवैधानिक संस्थाओं को खत्म किया जा रहा है । लगातार लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। वोटर लिस्ट में एसआईआर के माध्यम से बड़े पैमाने पर नाम काटे जा रहे हैं और चुनिंदा लोगों के नाम जो भाजपा को वोट देने वाले वोटर शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिससे वोट के अधिकार से बड़े पैमाने पर लोग मतदान से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जन विरोधी दमनात्मक नीतियों के विरोध में लोग महारैली में शामिल होंगे। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महानगर अध्यक्ष कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों को अडाणी ग्रुप को दे दिया गया है। उन्होंने कहा किसरकारी संस्थानों रिफाइनरों एलआईसी टीएचडीसी का निजीकरण किया जा रहा है। कहा है कि हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का झूठा वायदा करके युवाओं के हकों पर कुठाराघात किया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com